उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 506 | दिनांक /Date.: 16.06.2022

संवाद–231

विषयः– 40वीं वाहिनी पीएससी, हरिद्वार में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण में विशेष कारणों से प्रतिभाग न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार के पत्रांक–भ–07/2022 दिनांक 14 जून, 2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय अभ्यर्थी जो शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि को अन्य परीक्षा होने, आवेदन में लिंग परिवर्तन, पूर्व निर्धारित तिथि को चोट लगना या पूर्व निर्धारित तिथि में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने एवं अग्रिम तिथि प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

अतः ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 17.06.2022 को आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथियों में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं वे उसी प्रवेश पत्र को लेकर संबंधित परीक्षा केन्द्र/स्थान पर पूर्व आंवटित तिथि में प्रतिभाग न कर पाने के कारण सहित यथा आंवटित तिथि को अन्य लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र या चिकित्सक का प्रमाण पत्र** तथा **अन्य समुचित साक्ष्य/प्रमाण सहित दिनांक दिनांक 17.06.2022 को** प्रातः 06:00 बजे शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र–40वीं वाहिनी पीएसी, परेड ग्राउण्ड हरिद्वार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आयोग की ओर से,

16/6/22

(संतोष बडोनी)

सचिव।